फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री बंशीलाल पुत्र श्री लादुलाल गुर्जर नि. कुंदवा तहसील देवगढ जिला राजसमंद

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमंद एवं तहसीलदार, देवगढ – **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 पत्रावली संख्या 49/2022

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 12.09.2022 पत्रावली पेश हुई । अपीलांट उपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमंद से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर, राजसमंद वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया । लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर, राजसमंद द्वारा जरिये क्रमांकः एफ.1( )सू.अ.,05/2022/650–652 दिनांक 3 अगस्त, 2022 से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार अर्पीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अति. जिला कलक्टर, राजसमंद से संबंधित नहीं होकर तहसीलदार, देवगढ की होने के कारण अपीलार्थी का आरटीआई आवेदन पत्रांक 565–566 दिनांक 21.06.2022 से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 6(3)(1)(2) में तहसीलदार, देवगढ को अन्तरण की जाकर जरिये डाक प्रेषित करते हुए प्रार्थी को भी प्रति डाक से पृष्ठाकिंत की गई है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ द्वारा पत्रांकः सू.अ.अ./2022/107 दिनांक 18.08.2022 अनुसार प्रार्थी के द्वारा आवेदन में चाही गयी समस्त सूचना तैयार कर कार्यालय के पत्रांकः उपदे/सूचना/2022/71 दिनांक 27.07.2022 को जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित की जा चुकी है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, देवगढ की रिपोर्ट अनुसार अपीलांट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, देवगढ द्वारा दिनांक 27.07.2022 को जरिये रजिस्टर्ड डाक प्रेषित कर दी जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी अति. जिला कलक्टर, राजसमंद एवं तहसीलदार, देवगढ को भिजवायी जावे। **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)